# वार्ड 3 के गटर पर किया अतिक्रमण

## पानी निकास के रास्ते कर दिए बंद



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 16 दिसम्बर, 50 वर्ष पुराने वार्ड 3 का गटर जगह जगह से क्षतिग्रस्त हो चुका है.नानाजी वाली गली से लेकर मुस्कान टॉकीज तक इस गटर की हालात देखते ही बनती है.**

मकान मालिकों दुकानदारों ने गटर के ऊपर अतिक्रमण कर लिया और आवागमन के रास्ते बना लिए इससे वहां के रहने वाले बहुत परेशान है.पानी निकल नहीं रहा है और बदबू मार रहा है.जहां लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है. उनके मकानों का पानी ठीक से नहीं निकल पा रहा है.इस गटर का निर्माण करने तथा अतिक्रमण हटाने सफाई करने की किसी को चिंता नहीं है.कई बार लिखित में भी दे चुके हैं यहां के रहवासी परंतु किसी के कान पर जूं नहीं रेंग रहा है. हालांकि नगर के अनेक वार्डों में गटर सड़क तथा अन्य कार्य चल रहे हैं.परंतु जहां गरीब बस्तियां हैं वहां निर्माण कार्य रोक दिए गए हैं कई बस्तियों में अच्छे भले गटर सड़क होने के बाद भी उन्हें फिर से बना दिया गया.निर्माण कार्यों में भी राजनीति का खेल चल रहा है. यही वजह है की नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी अपना स्थानांतरण अटैचमेंट करा रहे हैं.क्योंकि नियम कानून का पालन नहीं हो रहा है.

### कांग्रेस पार्षदों के साथ नपा कर रही सौतेला व्यवहार-पूर्व विधायक

पूर्व विधायक निशंक जैन का कहना है कि नगर पालिका परिषद द्वारा कांग्रेस पार्षदों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है.उनके वार्डो में निर्माण कार्य नहीं हो रहे हैं.यहां की जनता ने लोकसभा तथा विधानसभा के चुनाव में भाजपा को वोट देकर जिताया था.इसके बाद भी उन वार्डों की उपेक्षा केवल पार्षदों के कारण की जा रही है.अगर यही स्थिति रही तो कांग्रेस पार्टी धरना प्रदर्शन कर विरोध करेगी.

### निर्माण कार्यों की फाइलें नपा में खा रहीं धूल-वरिष्ठ पार्षद यादव

वरिष्ठ पार्षद सौदान सिंह यादव का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से वार्ड क्रमांक 3 की फाइल नगर पालिका कार्यालय में धूल खा रही है. कहां-कहां निर्माण कार्य होना है स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं कराए जा रहे हैं .नए-नए कार्य प्रेसिडेंट इन काउंसिल में निर्णय लेकर किए जा रहे हैं नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है.

# सिरोंज में सुबह देर तक छाया रहा कोहरा

**खास बातें**
- कोहरे के कारण कम रही दृश्यता
- शीतलहर से लुढ़का तापमान



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 16 दिसम्बर, क्षेत्र में इन दिनों सर्दी असर दिखा रही है. शीतलहर से तापमान में काफी गिरावट हुई है. क्षेत्र में सुबह कोहरा भी दिखाई दे रहा है. सर्दी एवं शीतलहर के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है. लोग सर्दी के बचाव के लिए गर्म वस्त्रों के साथ ही सुबह शाम अलाव का उपयोग करते दिख रहे हैं.**

मंगलवार को सुबह देर तक क्षेत्र में कोहरा दिखा. कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता भी करीब 60 से 80 मीटर रही. जिससे वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ती दिखी. लोग सुबह वाहनों की हेडलाइट जलाकर वाहन चलाते दिखे. वही धूप निकलने पर कोहरे में कमी आई. जिससे लोगों ने राहत की सांस ली. इन दिनों शीतलहर एवं सर्दी के कारण सुबह एवं रात्रि के तापमान में काफी गिरावट आई है. हालांकि दिन में धूप निकलने से जैसे तैसे दिन बीत जाता है, लेकिन शाम होते ही सर्दी बढ़ने लगती है. दिन, रात के समय सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है. जानकारों की मानें तो आगामी दिनों में सर्दी एवं कोहरे में ओर अधिक बढ़ोत्तरी होने की संभावना है.

### बासौदा में कोहरा और कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त, नगर पालिका परिषद नहीं जलवा रही अलाव

हाड़ तोड़ कड़ाके की ठंड और सुबह का कोहरा के चलते मनुष्यों के साथ मवेशी जानवर परेशान है सुबह तेज कोहरा के कारण दुर्घटनाओं का भय बना रहता है.सामने से कुछ दिखाई नहीं देता है.नगर पालिका प्रतिवर्ष अलाव नगर में गरीब बस्तियों में जलवा देती थी.परंतु इस बार अलाव नहीं जल रहे हैं.मुख्य नगर पालिका अधिकारी छुट्टी पर चल रहे हैं.कर्मचारियों का कहना है जब वह लिखित में देंगे तभी लकड़ी खरीदी जाएगी. जब मोबाइल पर उनसे संपर्क किया गया कुछ पार्षदों द्वारा तो उनका कहना था अभी और तेज ठंड पड़ने दो फिर जल्वा दिए जाएंगे.अलाव यह स्थिति बनी हुई है.गरीब बस्तियों में अलाव न जलने से नाराजगी बनी हुई है.उनका कहना है और कितनी ठंड चाहिए लोगों को पार्षद भी जवाब नहीं दे पा रहे हैं.वार्ड 3 में जहां लोग तरह-तरह से ठंड से बचने उपाय कर रहे हैं.इससे अंदाजा लगाया जा सकता है ठंड की क्या स्थिति है.

### चौक-चौराहों पर हो अलाव की व्यवस्था

क्षेत्र में इन दिनों सर्दी बढ़ने के साथ ही लोग सुबह शाम सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं. पूर्व के वर्षों में नपा द्वारा सर्दी से बचाव के लिए शहर के प्रमुख चौक, चौराहों एवं सड़कों पर अलाव की व्यवस्था की जाती रही थी. नागरिकों ने मांग की है कि नपा द्वारा इस वर्ष भी सर्दी से बचाव के लिए शहर के प्रमुख चौक, चौराहों एवं सड़कों पर अलाव की व्यवस्था की जावे. जिससे लोगों को सर्दी से राहत मिल सके. वही सड़क पर विचरण करने वाले बेसहारा पशुओं का भी सर्दी से बचाव हो सके.

## वायुसेना में चयन पर समिति ने किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** स्वर्गीय दिलीप सिंह रघुवंशी एवं श्रीमती सुनीता रघुवंशी के सुपुत्र निमित्त रघुवंशी के वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन होने पर नागरिक सेवा समिति एवं नेत्र शिविर नागरिक उनका सम्मान कर किया गया.समिति के प्रवक्ता राजकुमार मलकानी ने बताया कि इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ने उनके परिवार के द्वारा किया गया संघर्ष याद किया. इस अवसर पर समिति के सभी लोगों उनका स्वागत किया वह उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर उपस्थित नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सह सचिव विनीत अरोरा, दयाशंकर जायसवाल, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी , राधे श्याम साहू सतपाल तवानी, प्रकाश वाधवानी, राम गोपाल गुप्ता , सुरेश ताम्रकार, विजय भावसार, नेतराम मिश्रा, प्रदीप नेमा, जितेंद्र दॉगी ,चन्द्रशेखर ताम्रकार, रवीन्द्र जैन, देवी प्रसाद भावसार, देवी लाल कुशवाह हितकारिणी धर्मशाला मैनेजर रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.


## मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,हनोता बांध सिंचाई परियोजना अंतर्गत खेतों में पाइपलाइन खुदाई से फसल एवं भूमि क्षति होने को लेकर किसानों ने मुआवजा दिलाए जाने को लेकर तहसीलदार अभिषेक पांडे को ज्ञापन सौंपा.जिसमें किसान बालमुकंद कुशवाह पुत्र कन्हैयालाल कुशवाह,पठारी निवासी ने कहा कि मेरी कृषि भूमि जाजपोन के सर्वे नं. 88/1/1 रकबा 0.627 हेक्टेयर एवं अन्य सर्वे नंबर की कुल रकबा 2.577 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में मेरे नाम पर अभिलिखित है.**

उक्त भूमि पर बिना मुझे सूचना कर बीना नदी पर बन रहे हनोता बाँध सिंचाई परियोजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने हेतु ठेकेदारों द्वारा मेरे खेत के बीचों-बीच गहरी नाली की खुदाई कर दी गई, जिससे मेरी बोई हुई धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है.इसके अतिरिक्त खेत में की गई गहरी खुदाई के कारण भूमि समतल न रहने से मुझे रबी सीजन में कृषि कार्य एवं बोवनी करने में अत्यधिक असुविधा हुई, परिणामस्वरूप में रबी फसल की बोवनी भी नहीं कर सका हूँ.मेरे खेत में हुई फसल एवं भूमि क्षति का स्थल का निरीक्षण करवाया जाए तथा नियमानुसार मुझे उचित मुआवजा राशि सभी किसानों को दिलाए जाने की मांग की गई है.जिसमें बालमुकुंद कुशवाहा, हितेश जैन, चैन सिंह रैकवार, शुभम यादव आदि किसानों को जल्द मुआवजा राशि दिलाई जाने की मांग की है.





## मंदिर के पुजारियों का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** शहर में एकादशी के अवसर पर राजाजी की हवेली पर सिरोंज के मंदिरों के पुजारियों का सम्मान किया गया. इस अवसर पर राजकुमार गौड़ ने सभी पुजारियों के चरण पूजन कर उनको तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि पुजारी निरंतर भगवान की सेवा में लीन रहते हैं. इनके द्वारा भगवान की सेवा के साथ-साथ समाज में धर्म और संस्कारों का प्रचार-प्रसार किया जाता है. इस अवसर पर नरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, सुमित, रजत, अजय, संजय सिंह, यशराज, अभ्युदय आदि उपस्थित थे.

# 12 फीट लंबे अजगर का किया रेस्क्यू

**सिरोंज-गंजबासौदा रोड के किनारे था अजगर**

**वन विभाग ने अजगर को जंगल में छोड़ा**



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, सिरोंज-गंजबासौदा मार्ग पर सिरोंज से करीब 3 किलोमीटर दूर मुख्य सड़क पर रोड किनारे मंगलवार को करीब 12 फीट लंबे अजगर के दिखाई देने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. इस मौके पर सर्प मित्र एवं वन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर इस अजगर का रेस्क्यू किया एवं उसको जंगल में छोड़ा.**

सर्प मित्र परवेज ने बताया कि सिरोंज-गंजबासौदा मार्ग पर सिरोंज से करीब 3 किलोमीटर दूर मुख्य सड़क पर रोड किनारे मंगलवार को चौकीदार ने करीब 12 फीट लंबे अजगर को देखा. इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी सर्प मित्र परवेज को दी. इसके बाद वह मौके पर पहुंचे. वहीं इसकी जानकारी वन विभाग को भी दी गई. जिसके बाद वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची. जिसके बाद इस अजगर का रेस्क्यू किया गया. वही बाद में वन विभाग की टीम इस अजगर को लेकर विभाग के कार्यालय पहुंची. जहां से बाद में इस अजगर को जंगल में छोड़ दिये जाने की जानकारी मिली है. उन्होंने बताया कि यह वयस्क अजगर करीब 12 फीट लंबा तथा 35 से 40 किलो वजनी है. सर्प मित्र परवेज पूर्व में भी क्षेत्र में कई प्रजातियों के सर्पों, अजगरों एवं जहरीले जीव जंतुओं का रेस्क्यू कर चुके हैं.

# सिरोंज विधानसभा में शत प्रतिशत हुआ डिजिटाइजेशन

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है. लेकिन हजारों मतदाताओं पर पहचान का संदेह बना हुआ है.**

स्थानीय तहसील की निर्वाचन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार सिरोंज विधानसभा में 254 मतदान केंद्र पर मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 26 हजार 424 है. एसआईआर के तहत इन मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किये गये थे. और शत प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइज्ड भी किये जा चुके हैं. जिसमें यूईएफ श्रेणी के 14 हजार 585 मतदाता शामिल है, इनमें मृत मतदाता 3330, स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाता 8702, एक से अधिक जगह नामांकित मतदाता 793, अनुपस्थित मतदाता 1760 शामिल है. वही कुल डिजिटाइज्ड गणना पत्रकों में से नो मैपिंग 2148 मतदाता शामिल है. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर 2026 हेतु नवीन जारी कार्यक्रम के अनुसार अब संशोधित गणना अवधि 18 दिसंबर 2025 तक तथा ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि 23 दिसंबर 2025 रहेगी.


- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

निःशुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो रेडियो 84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए


## संभागायुक्त ने की सांची में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**सांची,** भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा की.बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने जिले में एसआईआर के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी.उन्होंने बताया कि जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 10 लाख 41 हजार 485 गणना पत्रकों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण कर लिया गया है.संभागायुक्त श्री सिंह ने बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों से कहा कि बीएलओ और बीएलए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि मतदाता सूची अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाई जा सके.बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि जिले में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत पहले स्वीकृत 1230 मतदान केंद्रों में मतदाता संख्या अधिक होने के कारण 115 नए मतदान केंद्र तथा अधिक दूरी को ध्यान में रखते हुए 39 नवीन मतदान केंद्र स्वीकृत किए गए हैं.इस प्रकार युक्तियुक्तकरण के बाद जिले में कुल 1381 मतदान केंद्र हो गए हैं.प्रशासन का उद्देश्य है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के माध्यम से प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जा सके.



# श्रीमद् भागवत कथा पर निकली कलश यात्रा



**नवभारत न्यूज**

**लटेरी,** कथा का आयोजन श्री राम मानस मंडल लटेरी एवं प्रभात फेरी समिति के तत्वाधान में लगातार 19 वर्षों से किया जा रहा है. गुलाब वाटिका मधुसूदनगढ़ रोड लटेरी में 16 दिसम्बर से 22 दिसंबर तक आयोजित होने वाली श्री मदभागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ की मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई. कलश यात्रा पुरानी तहसील माता मंदिर से प्रारंभ होकर चौरसिया पैलेस गुलाब वाटिका पहुँची.

कलश यात्रा दिन में 12 बजे निकाली गई. इसमें कन्याएं एवं महिलाओं ने अपने सर पर कलश रख कर मंदिर प्रांगण से निकलकर चल रही थीं.कथा व्यास पंडित शिवदयाल भार्गव महाराज का सभी नगर वासियों ने पुष्पमाला पहनाकर जगह जगह स्वागत किया इस सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ में कथा व्यास पंडित शिवदयाल भार्गव के मुखारविंद से नगर एवं क्षेत्र के लोगों को प्रथम दिवस में भागवत कथा का रसपान कराया. इस अवसर पर श्री राम मानस मंडल के सभी सदस्य एवं प्रभातफेरी मंडली के सभी सदस्य आदि सैकड़ों की संख्या में धार्मिक बंधु आदि शामिल हुए.

**परेशानी**

**लाभार्थियों की अंतिम किस्त अटकी, सीएमओ की शपथ पत्र मांग से बढ़ी परेशानी**

# कुरवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना धराशाई

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई, केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) कुरवाई नगर परिषद में जमीनी स्तर पर बुरी तरह फेल होती नजर आ रही है। योजना के तहत 2022 में लाभान्वित हुए कई हितग्राहियों की दूसरी और अंतिम किस्त अब तक नहीं डाली गई है, जिससे हितग्राहियों में गहरा असंतोष फैल रहा है हितग्राहियों का आरोप है कि उनके मकान एक से डेढ़ साल पहले बनकर तैयार हो चुके हैं और नगर परिषद द्वारा जियो-ट्रैकिंग भी पूरी कर ली गई है, लेकिन किस्तें अटकी पड़ी हैं.**




स्थानीय निवासियों ने बताया कि जब वे नगर परिषद के दफ्तर जाते हैं, तो अधिकारी हमेशा दो-चार दिन में हो जाएगा कहकर टाल देते हैं.लेकिन ये एक-दो दिन अब सालों में बदल चुके हैं. हाल ही में नए मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) के आने के बाद स्थिति और जटिल हो गई है.सीएमओ ने लाभार्थियों से शपथ पत्र मांगे हैं, जिसमें यह स्पष्ट करना है कि कौन सी किस्त बाकी है.एक हितग्राहि ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि शपथ पत्र बनवाने में हमें 400 से 500 रुपये खर्च करने पड़े. हमने सीएमओ के आदेश के अनुसार शपथ पत्र जमा कर दिए, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी किस्त नहीं डाली गई.हर बार सीएमओ साहब आजकल कहकर टाल देते हैं.

प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को किफायती आवास उपलब्ध कराना है, लेकिन कुरवाई में योजना की यह हालत चिंताजनक है.हितग्राहियों का कहना है कि मकान बनने के बाद भी किस्त न मिलने से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है और वे कर्ज में डूबते जा रहे हैं. नगर परिषद के अधिकारियों से संपर्क करने पर उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया, लेकिन सूत्रों का कहना है कि सीएमओ के नए नए नियम लागू करना और दस्तावेजों की जांच के कारण यह विलंब हो रहा है.सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएमओ द्वारा जो तथ्य बताए गए वह बिल्कुल निराधार हैं नाम न छापने की शर्त पर एक कर्मचारी ने बताया कि बिना दस्तावेज के किसी के पैसे नहीं डाले गए हैं और जब तक किसी की मृत्यु नहीं हो जाती तब तक कोई भी खाता चेंज नहीं किया जाता सीएमओ द्वारा लोगों को गुमराह किया जा रहा है.

### क्या कहते हैं कांग्रेस नेता

स्थानीय कांग्रेस नेता काशिफ खान अन्नू ने कहा कि यह योजना गरीबों के लिए है, लेकिन अधिकारी इसे जटिल बनाकर लाभार्थियों को परेशान कर रहे हैं.शपथ पत्र जैसी अतिरिक्त मांगें अनावश्यक हैं और इससे योजना का मूल उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है.वरिष्ठ अधिकारी को इस पर तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए.

### खाते बदलने से मांगे जा रहे शपथ पत्र-सीएमओ

कुरवाई नगर परिषद के सीएमओ राजेश कंकर से इस संबंध में चर्चा की तो उनका कहना है पूर्व में बिना दस्तावेज के किस्त डल गई कई लोगों के खाते बदल गए है.इस लिए शपथ पत्र मांगा जा रहा है जब मीडिया ने पूंछा कि शपथ पत्र के बाद भी राशि नहीं डाली गई है तो बोला इस हफ्ते में डल जाएगी.

## पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** ऑलप्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मध्य प्रदेश की बैठक का आयोजन प्रदेश के अध्यक्ष सुधीर दुबे की अध्यक्षता में किया गया. जिसमें आगामी 2026 में होने वाले प्रदेश स्तरीय विभिन्न मांगों को लेकर होने वाली हड़ताल की रूपरेखा तैयार की गई.साथ ही पेंशनर एंजॉय ग्रुप का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से जगदीप सिंह राजपूत निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया एवं सचिव पद पर का प्रसाद चौरसिया एवं उपाध्यक्ष अब्दुल वहाब सिद्दीकी एवं जयराम अहिरवार कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर दुबे को चुना गया. चुने हुए सभी पदाधिकारी को सभी पेंशनर्स द्वारा बधाई दी गई एवं 17 दिसंबर तारीख को होने वाले पेंशनर दिवस पर भोपाल जाने की अपील की गई.भोपाल में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया है.